(ख) यदि हां, तो कब;

(ग) क्या यह भी सच है कि आकाशवाणी के उक्त केन्द्र के लिए अपेक्षित सभी मशीनरी और उपकरण एक स्टोर में बन्द पड़े हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (ग) का उत्तर "हां" में हो, तो अब तक इस केन्द्र की स्थापना न हो पाने के क्या कारण हैं; और

(ङ) इस केन्द्र को कब तक स्थापित कर दिये जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) (क) से (ङ) आकाशवाणी की सातवीं पंचवर्षीय योजना में हिमाचल प्रदेश में कुल्लू में एक आकाशवाणी केन्द्र स्थापित करने की स्कीम थी। यद्यपि ट्रांसमीटर उपकरण प्राप्त हो चुके थे, परन्तु उपयुक्त स्थान उपलब्ध न होने तथा परिणामस्वरूप टावर के डिजाइन में परिवर्तन कर दिये जाने के कारण टावर के निर्माण में हुए विलंब से उपकरणों की संस्थापना का कार्य समय पर नहीं हो सका। कुल्लू आकाशवाणी केन्द्र के अब मार्च, 1994 तक तकनीकी रूप से तैयार हो जाने की परिकल्पना है।

दूरदर्शन धारावाहिक "चाणक्य" के प्रसारण

1272. **चौधरी हरि सिंह :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूरदर्शन पर अब तक "चाणक्य" धारावाहिक के कितने प्रसारण प्रसारित किये जा चुके हैं ;

(ख) दूरदर्शन द्वारा इसके लिये कितने धन का भुगतान किया गया है; और

(ग) "चाणक्य" धारावाहिक के प्रसारण से अब तक दिल्ली दूरदर्शन के किन-किन उद्देश्यों को प्राप्त किया गया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) (क) चौंतीस।

(ख) दूरदर्शन ने निर्माता को कोई भुगतान नहीं किया है क्योंकि यह धारावाहिक प्रायोजित कार्यक्रम के रूप में प्रसारित किया जा रहा है।

(ग) दूरदर्शन का प्रयास रहता है कि चाणक्य जैसे धारावाहिकों सहित विभिन्न रूपों में ऐसे कार्यक्रम दिखाए जाएं जो उच्च सामाजिक मूल्यों का प्रतिपादन करते हों और जिनसे स्वस्थ मनोरंजन प्राप्त होता हो ।

Release of Pending T. V. Serials

1273. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) the number of T.V. serials pending as on date as compared to the corresponding figures for the last 2 years;

(b) whether Government have received any representation for the release of some T.V. serials pending for clearance and if so, the details thereof;

(c) whether it is a fact that about ,450 T.V. serials were approved for telecast in the sponsored category;

(d) whether it is also a fact that these serials are being shelved and a new category of serials under commissioned projects is being given priority in their telecast ;

(e) if so, the reasons thereof; and

(f) whether any guidelines have been issued for selection of serials for telecast ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS) : (a) and (b) Such details are not maintained centrally in a compiled- form. form. (c) and (d) Communications of the final results regarding the proposals, received under the sponsorship scheme of October, 1990 has been kept in abeyance as the matter has been referred to the <3BI. No new category of serials under commissioned projects or otherwise being given priority,